**Regarding need to release more funds for development of Indore as a smart city-Laid**

श्री शंकर लालवानी **(इन्दौर) :** पूरे देश को पता है कि इन्दौर विगत 7 वर्षो से लगातार स्वच्छता में नम्बर एक स्थान पर आ रहा है । यशस्वी प्रधानमंत्री जी के विकासात्मक कार्यो को गति प्रदान करने की तर्ज पर इन्दौर को स्मार्ट सिटी बनाने का सरकार ने निर्णय लिया था जिसमें 5 हजार करोड रूपये की परियोजनांए शामिल हुई थी, जो कि विकासात्मक कार्यो में ऐतिहासिक है । यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने इन्दौर को स्वच्छता के साथ-साथ देश में अग्रणी सिटी बनाने का जो सपना देखा है उस गति को आगे बढ़ाने हेतु और अधिक राशि की आवश्यकता है, मैं भारत सरकार का धन्यवाद करता हूॅ कि इन्दौर को स्मार्ट सिटी बनाने हेतु लगभग 1 हजार करोड़ की राशि निर्गत की जा चुकी है, और सहयोग के लिए मध्यप्रदेश सरकार भी बधाई की पात्र है । एबीडी एरिया में पेयजल ओर सीवर लाईन का नेटवर्क अभी तक तैयार नही हुआ है, लगभग 350 करोड़ रूपये की परियोजनाएं अभी लम्बित है । अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि स्मार्ट सिटी हेतु और धनराशि निर्गत की जाए ताकि यशस्वी प्रधानमंत्री जी के सपनो को साकार किया जा सकें ।